अमर उजाला 01/06/2024

आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि को मिला देश में नैक में उच्चतम ग्रेड

सर्वोच्च ग्रेड पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बना

इससे पहले सीएसए कानपुर को मिला था बीप्लस ग्रेड

लखनऊ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिला है। देश में यह विवि नैक का सर्वोच्च ग्रेड पाने वाला पहला कृषि शिक्षण संस्थान बन गया है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को ऐसी उपलब्धियां मिलने से यहां के विद्यार्थियों का पलायन रुकेगा। इससे प्रदेश के उन विद्यार्थियों को भी उच्च ग्रेड के विश्वविद्यालयों में शिक्षा पाने का अवसर मिलेगा, जो आर्थिक कारणों से बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं।

गौरतलब है कि इससे पूर्व चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसए) कानपुर ने बीप्लस ग्रेड हासिल की थी। वह देश के सभी 74 कृषि शिक्षा संस्थानों में सर्वप्रथम नैक ग्रेडिंग लाने वाला संस्थान बना था। ब्यूरो